प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 09.11.2026 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – पिछले 12 वर्षों में 50 करोड़ भारतीय अत्यधिक गरीबी से बाहर निकले, सबका साथ – सबका विकास अभियान ने दी नई ऊर्जा।
- कैंसर रोधी दवाओं की संशोधित कीमतें आज से लागू, विभिन्न ब्रांडों की 1 हजार से अधिक दवाओं की कीमतों में उल्लेखनीय कमी।
- गढ़वा में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता, कंटेनर वाहन से 4 क्विंटल से अधिक गांजा बरामद।
- मौसम विभाग का राज्य में अगले तीन दिनों तक हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश का पूर्वानुमान, बढ़ेगा न्यूनतम तापमान।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पिछले 12 वर्षों में 50 करोड़ भारतीय अत्यधिक गरीबी से बाहर निकले हैं। श्री मोदी ने कल छत्तीसगढ़ के बस्तर में जवानों के साथ दीवाली मनाई और उन्हें संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने बताया कि गरीबी पर यह जीत, नक्सलवाद के साथ लड़ाई से गहराई से जुड़ी है। श्री मोदी ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास अभियान ने गरीबी से लड़ाई को नई ऊर्जा दी है।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सलवाद से मुक्ति के लिए सुरक्षा बलों के साहस, वीरता और समर्पण की सराहना की है। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि नक्सलवाद अब इतिहास बन चुका है और देश के विकास का नया रास्ता खुला है केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन सुरक्षा कर्मियों के साथ दीपावली मनाने की परंपरा बनाई है, जो देश की सुरक्षा के लिए अपने परिवारों से दूर रहते हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष बस्तर के जंगलों में दीपावली का उत्सव विशेष महत्व रखता है। कभी नक्सली हिंसा से ग्रस्त रहे इस क्षेत्र में अब शांति और विकास का नया अध्याय शुरू हो रहा है।

****

देश में आज राष्ट्रीय उद्यमिता दिवस मनाया जा रहा है। इस दिवस का उद्देश्य देश के विकास में उद्यमिता के महत्व पर बल देना है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन गया है। एक रिपोर्ट

****

कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय सचिव और पूर्व विधायक अंबा प्रसाद के रांची स्थित सरकारी आवास खाली कराने पर सियासत तेज हो गई है। पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने सरकार पर भेदभाव का आरोप लगाया है

इधर झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रवक्ता मनोज पांडेय ने इसे विभागीय कार्रवाई बताया और कहा कि सरकार का इससे कोई लेना देना नहीं है

****

देश भर में आज से कैंसर रोधी दवाओं की संशोधित कीमतें लागू होंगी । केंद्र सरकार ने कहा है कि कैंसर–रोधी 137 दवाओं की कीमतों में उल्लेखनीय कमी की गई है। रसायन और उर्वरक मंत्रालय ने जानकारी दी है कि अब तक 76 दवा कंपनियों ने 121 दवाओं से जुड़ी 1,225 कैंसर–रोधी फॉर्मूलेशन के लिए संशोधित एमआरपी की जानकारी दी है। मंत्रालय के अनुसार, कीमतों में इस कमी से उपभोक्ताओं को सालाना लगभग 3 हजार 500 करोड़ रुपये से अधिक की बचत होने का अनुमान है । साथ ही, यह भी कहा गया है कि सभी खुदरा विक्रेताओं, डीलरों, अस्पतालों और संस्थानों के लिए यह अनिवार्य है कि वे कैंसर–रोधी दवाओं की संशोधित एमआरपी सूची को अपनी वेबसाइटों और अपने परिसरों में प्रमुखता से प्रदर्शित करें

****

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,
इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

****

गढ़वा जिले में मादक पदार्थों के खिलाफ पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने सड़क किनारे खड़े कंटेनर वाहन के तहखाने से 4 क्विंटल से अधिक गांजा जब्त किया है पुलिस उपाधीक्षक दिल्लू लोहरा ने प्रेस वार्ता में पूरी कार्रवाई की जानकारी दी।

****

सिमडेगा जिले के कोलेबिरा थाना क्षेत्र में तीन अलग–अलग मामलों में पुलिस ने नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसडीपीओ डी डी पासवान ने बताया कि लचरागढ़ के कोम्बाकेरा गांव में सार्वजनिक स्थान पर अवैध रूप से जुआ खेल रहे सात लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं अन्य घटना में मारपीट और सड़क हादसे में मौत के मामले में कार्रवाई की गई

****

लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र में एक नाबालिग आदिवासी लड़की के साथ दुष्कर्म के आरोप में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी चंदवा थाना क्षेत्र के ही रहने वाले हैं। पुलिस ने पॉक्सो के तहत मामला दर्ज किया है। आगे की कार्रवाई जारी है

****

मौसम विभाग ने झारखंड में अगले तीन दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि और उसके बाद अगले दो दिनों में इतनी ही गिरावट का पूर्वानुमान जारी किया है। विभाग के अनुसार, 11 नवंबर तक राज्य के विभिन्न जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है, जिसके बाद न्यूनतम तापमान में चार से पांच डिग्री तक गिरावट आने और ठंड बढ़ने की संभावना है। पिछले 24 घंटों में चाईबासा में अधिकतम 32.4 डिग्री और लातेहार में न्यूनतम 13.1 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया, जबकि रविवार को रांची का अधिकतम तापमान 27.5 और न्यूनतम 15 डिग्री सेल्सियस रहा

****

अखबारों की वेबसाइट की सुर्खियां
राज्य से प्रकाशित होनेवाले लगभग सभी अखबारों की वेबसाइट ने धूमधाम से मनी दीवाली की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। इसके अलावा
दैनिक जागरण ने लिखा है– देश दुनिया में दीवाली की धूम, रंग बिरंगी रोशनी से नहाया आसमान; जमकर हुई आतिशबाजी
प्रभात खबर ने लिखा है– अक्टूबर में रांची आरपीएफ ने बचाये 33 बच्चे, दक्षिण पूर्व रेलवे में मिला दूसरा स्थान
दैनिक भास्कर की सुर्खी है– झारखंड में दिन रहेगा साफ; रात सताएगी ठंड।
टाटा से गुजरेगी आनंद विहार पुरी जनरल बोगी वाली स्पेशल ट्रेन, इस खबर को हिंदुस्तान ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है

****